सायबर सिक्युरिटी पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम

प्रदेश टाइम्स खंडवा। सेवा भारती खंडवा एवं क्रिक हिल फाउंडेशन और खंडवा पुलिस के सहयोग से ज़िले के सभी शैक्षणिक संस्थानों मे सायबर सिक्युरिटी विषय पर नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑनलाइन ठगी के कैसे बचा जा सकता हैं इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से होने वाली ठगी से किस प्रकार बचा जा सकता हैं इसके लिये विद्यार्थियों को सलाह दी रही हैं कि वे अपनी गोपनीय जानकारी किसी से साझा ना करे और किसी भी परिस्थिति में ओटीपी किसी को ना दे। सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी साझा करने से भी ठगी होने की आशंका बनी रहती हैं इसलिए अपनी निजी जानकारी किसी ऐप से साझा ना करे। एवं ऑनलाइन गेम का उपयोग कम से कम करे। सोशल मीडिया पे अपने फोटो ॥ष्ठ क्वालिटी के ना हो, फेक लिंक, फेक मेसेज, फेक कॉल कभी ना उठाये,और इसी प्रकार के बहुत से विषयों पर इस नुक्कड नाटक के माध्यम से मे जानकारी दी जा रही है। नुक्कड नाटक खंडवा जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, मंदिर , मार्केट और सार्वजनिक स्थानों पर किये जा रहे है। पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा भी ऑनलाइन ठगी के शिकार ना हो इसके लिए समझाईश दी जा रही हैं। सरस्वती शिशु मंदिर कल्याण गंज नेहरू स्कूल ,स्कॉलर डेन, यूनिक स्कूल भंडारिया, माखनलाल इंस्टीट्यूट शासकीय विद्यालय रामनगर , नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज, जनता स्कूल,सरस्वती शिशु मंदिर आनंद नगर आदि स्कूल कॉलेज, में यह कार्यक्रम किए गए ।नुक्कड़ नाटक के मुख्य कलाकार योगेश शेट्ये, तृषांत पाते, संदिप शिंगदाणे, कृष्णा सकपाळ, विशाल चव्हाण और गौरव निमकर हैं। कार्यक्रम की आयोजक संस्था सेवा भारती खंडवा से राजेशअग्रवाल ,राधेश्याम कुशवाह, मनोज शाह, भानु भाई पटेल , सुनील गुप्ता, दामोदर गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित रहे।